प्रादेशिक समाचार
दिनांक–31.05.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्य में लोकसभा के अंतिम चरण के मतदान में गोड्डा, राजमहल और दुमका संसदीय क्षेत्र में कल सुबह सात बजे से डाले जाएंगे वोट।**
2. **राज्य की तीनों लोकसभा सीटों पर तिरेपन लाख चौबीस हजार से अधिक मतदाता बावन उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का करेंगे फैसला।**
3. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा–मतदाताओं की सुविधा के लिए किये गये हैं व्यापक इंतजाम।**
4. **आयकर विभाग ने वर्तमान लोकसभा चुनावों के दौरान रिकॉर्ड एक हजार एक सौ करोड़ रुपये और आभूशण किये जब्त।**

****

लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के तहत राज्य की तीन सीटों– गोड्डा, राजमहल और दुमका के लिए मतदान कल सुबह सात बजे से शुरू हो जाएगा। 53 लाख 24 हजार से अधिक मतदाता 52 उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे। इन क्षेत्रों में निर्बाध और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यापक प्रबंध किए हैं। सभी जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। किसी प्रकार की घटना से निपटने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है ताकि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न किया जा सके। वहीं, अंतर–राज्य सीमा चौकियों से शराब, नशीली दवाओं, नकदी और मुफ्त वस्तुओं के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

****

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कल वोटिंग के दिन विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाताओं से बड़ी संख्या में वोट करने की अपील की है।

****

राज्य की तीन संसदीय सीट गोड्डा, दुमका और राजमहल से पोलिंग पार्टियों की रवानगी का सिलसिला जारी है। इधर, पाकुड़ में सुदूर मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदान कर्मियों का आज पारम्परिक तरीके से स्वागत किया गया। स्थानीय महिलाओं ने इनका फूलों की माला पहनाकर अभिनन्दन किया। वहीं, राजमहल लोकसभा सीट के लिए मतदान को लेकर साहिबगंज जिले के पुलिस लाइन ग्राउंड में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है।

दुमका जिले में एक हजार 117 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। देवघर में डिस्पैच सेंटर में आने वाली पोलिंग पार्टियों की सुविधा को देखते हुए कुमैठा खेल स्टेडियम परिसर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया है। गोड्डा में भी मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। रांची में आयोजित आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी ने कहा कि तुष्टीकरण के कारण संथाल परगना क्षेत्र की जनसांख्यिकी में परिवर्तन हो रहा है। इधर, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने आज दावा किया कि एक जून को राज्य की तीन सीटों पर होने वाले चुनाव में जनता पूरी तरह से इंडिया गठबंधन के साथ है।

****

आयकर विभाग ने वर्तमान लोकसभा चुनावों के दौरान रिकॉर्ड एक हजार एक सौ करोड रूपये और जवैलरी जब्त की है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह 2019 के आम चुनावों में जब्त तीन सौ 90 करोड़ रूपये की तुलना में 182 प्रतिशत ज्यादा है।

****

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आज रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा

केंद्रीय कारागार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच चुनाव और मतगणना सहित अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत हुई।

****

प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी के स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर 45 घंटे लम्बे ध्यान का आज दूसरा दिन है। इससे पहले श्री मोदी कल कन्याकुमारी पहुंचे और भगवती अम्मन मंदिर में पूजा की। प्रधानमंत्री जिस मंडप में ध्यान लगा रहे हैं, यह वही मंडप है जहां वर्ष 1892 में स्वामी विवेकानन्द ने ध्यान लगाया था।

****

हजारीबाग के बड़कागांव स्थित गोन्दलपुरा कोल खनन परियोजना के तहत सेना और राज्य पुलिस की भर्ती के लिए तैयारी कर रहे पांच युवाओं ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने परियोजना प्रभावित बच्चों के लिए निःशुल्क पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ उनके शारीरिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। प्रथम बैच से ही पांच छात्रों की सफलता के बाद अन्य अभ्यर्थी भी काफी उत्साहित हैं।

****

गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और लोहरदगा जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में आज समाहरणालय सभाकक्ष में कर्मियों को तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलायी गई।

****

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना रोड में पुलिस ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर फल और सब्जी बेच रहे दुकानदारों को अभियान चलाकर हटा दिया। पुलिस ने बताया कि अतिक्रमण के कारण लगातार सड़क जाम होने की शिकायत मिल रही थी।

****

हजारीबाग जिले से पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले एक फर्जी गैर सरकारी संगठन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इधर, पुलिस ने झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के टावर को काटकर चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को बोकारो जिले से गिरफ्तार किया वहीं, दूसरी ओर पश्चिमी सिंहभूम जिले से पुलिस ने नकली शराब कारोबार में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

********समाप्त********